हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 2 मई 2026

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक 3



## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार : सरखों में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार शासन तिहार के अंतर्गत जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए "जन समस्या निवारण शिविर" का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर नागरिकों के समस्याओं का निराकरण करेंगे। इसी तारतम्य में 2 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत सरखों के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर-एसपी ने नीट परीक्षा तैयारियों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल ने आगामी 3 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी को लेकर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्रों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के दौरान सुरक्षा, कानून-व्यवस्था ,पुलिस बल की तैनाती , केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र प्रभारी को भी निर्देशित किया कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 8 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर बैच में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जो छात्र राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनसे अब 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं।

### बाड़ी से सबमर्सिबल की चोरी, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेल्हाडीह (सक्ति)।** बाड़ी से सबमर्सिबल पंप की चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम बेल्हाडीह का है। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फिरंगी लाल खुंटे पिता स्व. महेत्तर राम खूंटे उम्र 59 साल निवासी बेल्हाडीह थाना बाराद्वार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के बाडी में रखे सबमसिंबल पंप को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। जिसकी कीमत 8 हजार रुपए बताई जा रही है। 1 मई को आरोपी सुजीत कुमार सहिस एवं राजेश कुमार सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ पर आरोपी सुजीत कुमार सहिस एवं राजेश कुमार सारथी से 1 नग टेक्समो कंपनी का सबमर्सिबल पंप कीमती 8 हजार रुपएय को बरामद कर जप्त किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी बाराद्वार निरीक्षक नरेन्द्र यादव सउनि एमपी मन्नेवार, प्रधान आरक्षक देवनारायण चंद्रा ,आरक्षक राजेन्द्र कुर्रे का योगदान रहा।

## नशामुक्ति अभियान के साथ सबरिया समाज को स्वरोजगार से जोडने हुई थी पहल

# कप्तान के किए- कराए पर फिर ना जाए पानी, नशे की जगह 'विजयश्री' प्रोडक्ट के कारोबार वाले गांव में महुआ शराब का धंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

पीढियों से मजदूरी के साथ महुआ शराब बनाने व बेचने का कारोबार करने वाले सबरिया समुदाय के लोगों को नशे के कारोबार से तौबा करके स्व रोजगार से जोडने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा की गई मेहनत पर कुछ जगहों पर पानी फिरते नजर आ रहा है। खास करके पामगढ़ थाना क्षेत्र के जिन गांवों में पुलिस कप्तान ने विजयश्री प्रोडक्ट लॉच किया था, वहां स्व रोजगार से जुडे कई परिवार के लोग फिर नशे के कारोबार की ओर रूख करने लगे है। ऐसे ही एक मामले में सेमरिया गांव के एक आरोपी को पुलिस ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब के साथ पकडा भी है।

गौरतलब है कि जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने नशा मुक्ति अभियान की ओर तन, मन और धन से मेहनत करके सबरिया समुदाय को कच्ची महुआ शराब बनाने के धंधे से निकालकर सम्मान के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आदिवासी गोड़ समाज के बीच नशा मुक्ति आंदोलन में उनको स्वरोजगार दिलाने पहल की। जागरूकता के लिए कार्यशाला भी आयोजित की गई और स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बनारी, मुलमुला, कुटीघाट, सेमरिया, कमरीद, देवरी, खोरसी, कटौद, कोसा, बनाहिल, कोटमीसोनार के समाज के युवक-युवतियो को जागरूक किया गया। इस अभियान में सबरिया आदिवासी गोड़ समाज के युवा जुड़ते गए। प्रारंभिक तौर पर 10 गांवों में 7 समूह के माध्यम से 34 प्रोडक्ट बनाए गए। उनके द्वारा तैयार टॉयलेट क्लीनर, फ्लोर क्लीनर, डिश वास, हैंड वॉश, बाथरूम क्लीनर, कार वॉश, डिटर्जेंट लिक्विड, डिटर्जेंट पाउडर, साबुन, अगरबत्ती, हर्बल शैंपू , हर्बल बॉडी वॉश, हर्बल रूम फ्रेशनर, हर्बल फेस वॉश जैसे प्रोडक्ट को विजयश्री प्रोडक्ट के नाम से लॉच किया गया। शुरूआत में इस अभियान को लेकर पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस का पूरा अमला सक्रिय रहा, लेकिन वर्तमान में स्थिति फिर से पूर्ववत होने लगी है। खास करके पामगढ थाना क्षेत्र के कमरीद, सेमरिया, देवरी गांव में महुआ शराब बनाने का काम फिर से शुरू हो गया है। विगत दिवस पामगढ पुलिस ने सेमरिया के सबरिया डेरा में ही 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा इस क्षेत्र के गांवों में यह कारोबार फिर से जोर पकडने लगा है।

### समय रहते ध्यान नहीं देने पर हो सकते हैं फिर वही हालात



**सतत चलेगा अभियान**

नशामुक्ति के साथ सबरिया समाज को स्व रोजगार से जोडने जो पहल हुई थी, वह सतत चलेगी। पामगढ़ क्षेत्र के जिन गांवों में शराब का काम हो रहा है, उसकी जानकारी लेंगे। उनके बीच जाकर चर्चा की जाएगी और इस बारे में व्हेरीफाई भी करेंगे।

-निवेदिता पाल,
प्रभारी एसपी जांजगीर

## घर के कमरे, पानी, बिजली सहित 33 बिन्दुओं पर ले रहे जानकारी

# डिजीटल जनगणना : स्मार्ट फोन लेकर घर-घर दस्तक दे रहे प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरूआत शुक्रवार 1 मई से हुई। इसके साथ ही तपती दोपहरी में प्रगणक घर घर दस्तक दे रहे है। इस दौरान घर में कमरों की संख्या, पानी, बिजली समेत 33 बिन्दुओं पर जानकारी लेने का काम हो रहा है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया स्मार्ट फोन के जरिए डिजीटल तरीके से हो रही है।

जिले में एक मई से जनगणना कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके तहत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य प्रारंभ किया गया। पहले चरण में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर सर्वे कर मकानों एवं परिवारों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रगणक प्रत्येक मकान का सर्वे करते हुए भवन की स्थिति, निर्माण सामग्री, उपयोग आवासीय व्यावसायिक, कमरों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली, गैस सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दर्ज करेंगे। इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं आधुनिक बनाने के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया स्मार्ट फोन के जरिए डिजीटल तरीके से हो रही है।



डिजीटल सर्वे करने पहुंचे प्रगणक।

### डिजिटल जनगणना के प्रथम दिन बम्हनीडीह तहसील में सघन निरीक्षण



**बम्हनीडीह।** डिजिटल जनगणना अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत 1 मई को की गई। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के आदेश तथा जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर के निर्देशन में तहसील बम्हनीडीह ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना कार्य सुव्यवस्थित ढंग से प्रारंभ हुआ। पहले ही दिन प्रशासनिक टीम ने मैदानी स्तर पर पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की और व्यवस्थाओं को परखा। मैदानी निरीक्षण कर परखी गई प्रगतितहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी शशिभूषण सोनी ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रगणकों और पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे हाउस लिस्टिंग तथा बेसिक डाटा संकलन की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने मौके पर आवश्यक दिशा निर्देश देकर कार्य में तेजी और शुद्धता बनाए रखने को कहा ।बैठक में समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोरनिरीक्षण के बाद सभी पर्यवेक्षकों और प्रगणकों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने और गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का अभियान है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधानबैठक में मास्टर ट्रेनर बसंत चतुर्वेदी और शिव कुमार पटेल ने फील्ड कर्मचारियों की तकनीकी समस्याओं का समाधान किया।

# टांगी से वार कर हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

टांगी से वार कर एक व्यक्ति की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनाया है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवंबर 2023 को थाना मूलमुला के गायक उपनिरीक्षक प्रमोटर को देहात व्यक्ति की मूल राठौर ने अपने ससुर धरमलाल राठौर का शव होना बताया तथा अभियुक्त सतराम एक व्यक्ति का रक्तरंजित अवस्था में शव पड़ा हुआ था. जिसे प्रार्थिया दीपित पटेल, रामकुमार पटेल एवं तिरीराम पटेल के द्वारा टांगी से मारकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। निरीक्षक सागर पाठक द्वारा नाजसी दर्ज किया गया। वापस थाना आकर नंबरी मर्ग सूचना एवं प्रथम सूचना पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत एवं धारा 302, 34 भादवि के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय में कुल 14 गवाहों का कथन लेखब किया गया। टांगी से वारकर प्राणघातक हमला कर हत्या कारित किया गया है। अभियोजन सातियों का कथानक लिये जाने के पश्चात 14 अभियोजन साक्षियों के न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर सेशन जज जयदीप गर्ग करने में सफल रहा है कि उनके द्वारा आपस में मिलकर एक-दूसरे के सामान्य आशय में सेशन जज, जांजगीर द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध संदेह से परे यह आरोप प्रमाणित मृतक धरमलाल राठौर पर टांगी से प्राणघातक हमला कर उसकी हत्या कारित किया है। सिद्धदोष अपराध की प्रकृति तथा विधि द्वारा नियत राजा को देखते हुए अभियुक्तगण तिरीथ राम पटेल पिता देउवा उम्र 66 वर्ष, रामकुमार पटेल पिता तिरीथराम पटेल उम्र 30 वर्ष संतराम पटेल पिता तिरीथराम पटेल उम्र 47 वर्ष तीनों निवासी ग्राम नरियरा वार्ड क्रमांक 5 थाना मुलमुला को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास एवं 10 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से संदीप सिंह बनाफर लोक अभियोजक जांजगीर ने पैरवी की।

**खास बात**

- सेशन जज जयदीप गर्ग ने सुनाया फैसला, मुलमुला थाना क्षेत्र के नरियरा की घटना

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से डिलीवरी बॉय की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था और अपने काम के सिलसिले में निकला हुआ था। इस दौरान बाईपास सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक समेत ट्रक के बीच में फंसकर लगभग 500 मीटर दूर तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कागांव निवासी 22 वर्षीय विनय देवांगन आ. मुकुंद देवांगन डिलीवरी बॉय का काम करता था। 1 मई को युवक अपनी बाइक से सामान डिलीवर करने के लिए वाड्रफनगर से महेवा की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह बाईपास सड़क पर पहुंचा चुरैला नाले के समीप युवक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 1080 की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसे करीब 500 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि घिसटने और चक्के के बीच में आने से कुचलकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया।

## 204 पाव अवैध शराब के साथ महिला समेत 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 204 पाव शराब बरामद की है। मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि टीवीएस एक्सल में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस टीम ने तरौद चौक में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की, जहां अर्जुनी की ओर से आ रहे दो युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सहदेव बंजारे और शंकर खाण्डे, निवासी वार्ड क्रमांक 13, गुरुघासीदास मोहल्ला अकलतरा बताया। जब्त शराब की कीमत 8 हजार 580 रुपये बताई गई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## सुशासन तिहार को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने शिविर स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं जनपद सीईओ मौजूद रहे।

सुशासन तिहार को लेकर शुक्रवार 1 मई को पामगढ़ एसडीएम आरके तंबोली ने जनसमस्या निवारण शिविर स्थलों ग्राम पंचायत सेमरिया, ग्राम पंचायत तनोद एवं ग्राम पंचायत बिलारी का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, सीईओ मणिशंकर कौशिक, विकासखंड विस्तार अधिकारी मुकेश गोस्वामी एवं संबधित ग्राम के हल्का पटवारी उपस्थित रहे।

# जेएसडब्लू में माकड्रिल



**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा क्षेत्र के नरियरा में संचालित जेएसडब्लयू महानदी पॉवर कंपनी में उस वक्त पूरा अमला हरकत में आ गया, जब क्लोरीन लिकेज की सूचना फैली। खबर मिलते ही प्रबंधन की ओर से बचाव एवं मेडिकल टीम के साथ पुलिस एवं प्रशासन का अमला मौके पर पहुंच गया। दरअसल यहां औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार मॉकड्रिल का आयोजन किया गया था।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के वेदांता पॉवर प्लांट सिंघीतराई में हुए बॉयलर हादसे के बाद उद्योगों में सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन का अमला अलर्ट हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर मॉकड्रिल का आयोजन कारखाना मेसर्स- जेएसडब्लू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, ग्राम नरियरा, तहसील-अकलतरा में किया गया। कारखानें में क्लोरीन लीकेज से बचाव हेतु पुलिस दल, कारखाने के फायर टीम, बचाव टीम, मेडिकल टीम व अन्य द्वारा भागीदारी करते हुये मॉकड्रिल/सुरक्षा अभ्यास किया गया, जिसमें कारखानें से एम्बुलेंस, 2 फायर टेंडर तथा न्यूवोको प्लांट से 01 फायर टेंडर पहुंचे थे। इस दौरान क्लोरिन लीकेज को रोकने हेतु बचाव दल द्वारा सुरक्षा उपकरणों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुये लीकेज को कंट्रोल किया गया। जिस दौरान एक प्रभावित श्रमिक को रेस्क्यू करते हुये एम्बुलेंस से ईलाज हेतु कारखानें के व्यवसायजन्य स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर प्राथमिक उपचार व ईलाज कराया जाना अभ्यास में शामिल रहा। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से मॉकड्रिल के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुये, कारखाना प्रबंधन को निरंतर मॉकड्रिल आयोजित करने, क्लोरिन लीकेज, फायर एवं अन्य आपात स्थिति निपटने हेतु सभी सुरक्षा उपायों की व्यवस्था एवं निरंतर उनकी जांच करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर बधाई एवं शुभकामना के साथ मॉकड्रिल कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उक्त मॉकड्रिल में सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, अश्वनी पटेल, अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा कारखानें की ओर से प्लांट हेड अश्वनी मित्तल, हेड एचआर अभिषेक शर्मा, देवेन्द्र पण्डा एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मॉकड्रिल में न्युवोको विस्टास कार्पो. लिमिटेड, सांई लीलागर पावर जनरेशन लिमिटेड के सुरक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था के साथ साथ पानी की जांच कराने संचालकों को निर्देश

# होटल, मिष्ठान भंडार समेत अन्य संस्थानों में संयुक्त टीम की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

होटल, मिष्ठान्न भंडार समेत अन्य संस्थानों में औषधि प्रशासन राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। साथ ही संचालकों को पानी की जांच के साथ संस्थानों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश के परिपालन में "सही दवा–शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम पर 15 दिवसीय विशेष सघन जांच अभियान 11 मई तक चलाया जा रहा है। इस अभियान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन एवं अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा के नेतृत्व में कार्यवाही कर रहे हैं। इसी क्रम में संयुक्त जांच दल द्वारा सक्ती में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जोधपुर स्पेशल जलेबी को खाद्य पदार्थों की पैकिंग में अखबारी पेपर का उपयोग न करने तथा ग्लव्स एवं हेड कैप का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नटराज स्वीट्स एंड स्नैक्स, बनारसी होटल एवं छेदी होटल, बुधवारी बाजार को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा बादल होटल, राधे जलपान गृह एवं टेस्टी टेस्स का सघन निरीक्षण कर साफ-सफाई बनाए रखने, लाइसेंस व पंजीयन को उचित स्थान पर प्रदर्शित करने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न फर्मों में जांच करते हुए मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पानी की जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। संयुक्त जांच दल में तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी, अभिहित अधिकारी अहसान तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शान्तनु भट्टाचार्य, निखिलेश साहू, राजस्व निरीक्षक अरुण कुमार पटेल एवं पटवारी जय कुमार देवांगन उपस्थित रहे। आगामी दिनों में संयुक्त जांच दल द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



संस्थान मे कार्रवाई करने पहुंची संयुक्त टीम।

## खबर संक्षेप




### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा हेतु तिथि की घोषणा

**कोरबा।** राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शिक्षा तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, रायपुर द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु वर्ष 2026-27 की प्रवेश परीक्षा की तिथि, समय एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की समय-सारणी जारी की गई है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 1 मई से 10 मई प्रातः 9.30 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। यदि विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वे निकटस्थ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय या जिला कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कोरबा से संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

### छुरीकला के सार्थक का युविका में हुआ चयन

**कोरबा।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है, जब कक्षा 10वीं के छात्र सार्थक तंवर का चयन प्रतिष्ठित युविका-युवा विज्ञानी कार्यक्रम हेतु हुआ। इस उपलब्धि पर कोरबा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उन्हें सम्मानित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने अपने संदेश में कहा कि छात्र सार्थक तंवर का चयन जिले के लिए गर्व का विषय है। उनका यह कदम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र जैसे प्रतिष्ठित स्थल पर जाना किसी भी छात्र के लिए अत्यंत गौरव की बात है। मैं आशा करता हूँ कि सार्थक भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा प्रारंभ किया गया युविका - युवा विज्ञानी कार्यक्रम कक्षा 9वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की गहन जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। कार्यक्रम का लक्ष्य युवाओं में विज्ञान एवं तकनीक के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें भविष्य के वैज्ञानिक एवं अभियंता के रूप में तैयार करना है। इसी क्रम में सार्थक तंवर का चयन श्री हरिकोटा (आंध्र प्रदेश) स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित होने वाले 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण 10 से 22 मई तक चलेगा।

### खदान में शॉर्ट सर्किट से डम्पर में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना के गोदावरी फेंस में बुधवार की देर रात एक चलती 100 टन क्षमता वाली डम्फर में आग लग गई। कोयला परिवहन कर रही इस डम्फर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। पीछे चल रही दूसरी गाड़ी के ड्राइवर की सतर्कता से डम्फर ड्राइवर ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना बुधवार रात करीब 11:30 बजे कुसमुंडा खदान के गोदावरी फेंस एरिया में हुई। एसईसीएल की 100 टन डम्फर कोयला लेकर जा रही थी, तभी अचानक उसके इंजन से धुआं उठने लगा। पीछे चल रहे दूसरे डम्फर के ड्राइवर ने आग देखकर हॉर्न बजाकर आगे वाले ड्राइवर को सतर्क किया। कुछ ही सेकंड में आग की लपटें निकलने लगीं। दमकल आते तक गाड़ी का एक हिस्सा जल कर खाक बताए जाने पर डम्फर ड्राइवर ने तुरंत गाड़ी को साइड में खड़ा किया और कूदकर बाहर निकल आया। इसके तुरंत बाद पूरी डम्फर आग की चपेट में आ गई। खदान में काम कर रहे कर्मचारियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल के पहुंचने तक डम्फर का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। खदान में पहले भी हुई है इसी घटनाएं कुसमुंडा खदान में डम्फर में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार शॉर्ट सर्किट और तकनीकी खराबी के कारण एसईसीएल के भारी वाहनों में आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

# कोलइंडिया के यूनिफॉर्म ड्रेस कोड में बदलाव को मिली मंजूरी

## 12 हजार 5 सौ रुपए एडवांस मिलेगा कर्मियों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 490वीं बैठक में कर्मचारियों के यूनिफॉर्म ड्रेस कोड योजना में अहम बदलावों को मंजूरी दी गयी। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। मंगलवार को कंपनी की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को हर साल 12 हजार 500 रुपये का एडवांस यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मिलेगा। इस राशि से कर्मचारी तीन या उससे अधिक जोड़ी यूनिफॉर्म खरीद सकेंगे। सबसे बड़ा बदलाव जीएसटी बिल जमा करने की समय सीमा को लेकर किया गया है। पहले कर्मचारियों को एडवांस मिलने के एक माह के अंदर बिल जमा करना होता था, जिसे अब बढ़ाकर दो माह कर दिया गया है। तय समय सीमा पर बिल जमा नहीं करने पर एडवांस राशि वेतन या अन्य देयों से वसूली जायेगी। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए भी स्पष्ट नियम तय किये गये हैं। उन्हें एडवांस लेने के बाद दो माह के भीतर या अंतिम वेतन से पहले (जो पहले हो) बिल जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर राशि उनकी अंतिम सैलरी से काट ली जायेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यूनिफॉर्म का विवरण और मात्रा संशोधित एनेक्सचर-ए के अनुसार लागू होगा। जिन कर्मचारियों की सेवा अवधि छह माह से कम बची है, उन्हें 50 प्रतिशत राशि देने का प्रावधान अब हटा दिया गया है। ज्ञात हो कि पुरुष कर्मचारियों के लिए ग्रे शर्ट और ब्लैक पैंट जबकि महिला कर्मियों के लिए ग्रे/मैरून रंग में अलग-अलग विकल्प तय किये गये हैं।

**खास बात**

- सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 50 प्रतिशत राहत देने का हटाया गया प्रावधान




## भीषण गर्मी के दौरान भी बिजली की आंखमिचौली जारी

# अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। एक ओर तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बार-बार हो रही बिजली गुल होने की समस्या ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बिजली का घंटों गुल रहना ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।

गांवों में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। कई स्थानों पर बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। कहीं 2 से 3 घंटे तक लगातार बिजली बंद रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे न केवल घरों में रहने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है, बल्कि किसानों, छोटे व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न विभाग द्वारा न तो कोई निश्चित समय तय न किया गया है और न ही कटौती की पूर्व सूचना दी जाती है। इससे दैनिक कार्यों की योजना बनाना मुश्किल हो गया है। रात के समय भी बिजली कटने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। किसान वर्ग भी इस समस्या से अछूता नहीं है। सिंचाई के लिए निर्भर रहने वाली विद्युत आपूर्ति बाधित होने से खेतों में पानी देना कठिन हो गया है। वहीं छोटे दुकानदारों और व्यवसायियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि बिजली के बिना उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बिजली कटौती यदि आवश्यक है तो उसका एक निर्धारित समय तय किया जाए और इसकी पूर्व सूचना दी जाए, ताकि लोग अपने काम उसी अनुसार व्यवस्थित कर सकें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने और ट्रांसफार्मर व लाइन की नियमित जांच की भी आवश्यकता जताई गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हुए जल्द राहत प्रदान करता है।

**खास बात**

- बिजली गुल होने के बाद मरम्मत में लग रहे कई घंटे




### सीएसईबी कालोनी व पोड़ीबहार में भी बिजली गुल की समस्या

शहर के सीएसईबी कालोनी व पोड़ीबहार में भी गुरुवार को दिन भर बिजली की आंखमिचोली जारी रही। एक ओर जहां विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में सुबह से बिजली गुल होने से बिजली कर्मियों व उनके परिजनों को समस्या का सामना करना पड़ा वहीं दूसरी ओर पोड़ीबहार में भी सुबह से बिजली गुल होने की समस्या जारी रही। दिन भर में लगभग 4 - 5 बार बिजली का आना जाना लगा रहा जिसकी वजह से लोगों को भारी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में जब पाड़ीमार जोन के एई श्री जोशी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि तार टूटने की वजह से खरमोरा स्थित 33 केवी सब स्टेशन में चेंजओवर किया जा रहा था। जिसकी वजह से कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद की गई थी।

## महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक करने चलित थाना का आयोजन


ग्रामीणों को जानकारी देती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना करतला पुलिस द्वारा ग्राम कुदमुरा में चलित थाना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 ग्रामीण, ग्राम रक्षा दल सदस्य, कोटवार, समाज प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्परिणाम एवं अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना करतला पुलिस द्वारा ग्राम कुदमुरा में चलित थाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 70 महिला-पुरुष, ग्राम रक्षा दल के सदस्य, कोटवार, समाज प्रमुख एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चलित थाना कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं, किंतु ग्रामवासियों द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, नशे के दुष्परिणाम एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्यवाही की जा सके। कोरबा पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा, जनजागरूकता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार के चलित थाना एवं जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

## अधिवक्ता के घर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, सोने के जेवरात व नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आखिरकार एक साल बाद कटघोरा पुलिस ने अधिवक्ता राकेश पाण्डेय के घर हुई लाखों की चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल मुख्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से सोने के जेवरात व नगदी रकम बरामद किया है। वहीं चोरी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती निवासी अधिवक्ता राकेश पांडे के घर 19 अप्रैल को चोरी की घटना सामने आई थी। घटना के समय अधिवक्ता अपने परिवार के साथ बाहर गए हुए थे, जिसका फायदा उठाते हुए अज्ञात आरोपियों ने घर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने आलमारी में रखे लगभग 10 तोला सोने के जेवरात, जिनमें रानी हार सेट, दो जोड़ी झुमके, एक सोने की चैन, दो चांदी की पायल के साथ करीब 50 हजार रुपये नगद और एक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार आरोपियों की तलाश जारी रखी। जांच के दौरान मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों अमित खांडे एवं गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए जेवरातों को बेच दिया गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही नकद राशि भी जब्त कर ली गई है। इस चोरी की वारदात को सफलतापूर्वक सुलझाने में एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह, एसआई राम पांडेय, प्रधान आरक्षक गोपाल यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं इस वारदात में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।


पुलिस गिरफ़्त आरोपी व जप्त मशरुका।

### लायंस क्लब विद्युत नगर के विनोद बने अध्यक्ष

**जमनीपाली।** लायंस क्लब कोरबा विद्युत नगर की कोर कमेटी की बैठक जमनीपाली में हुई। जिसमें वर्ष 2026 - 27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। लॉयन विनोद अग्रवाल छुरी वाले को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## आंतरिक शिकायत समितियों को सक्रिय करें सभी विभाग : विजया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने जिले के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विभागों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने, उन्हें सक्रिय रूप से संचालित करने तथा उनकी वार्षिक रिपोर्ट स्थानीय समिति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के समन्वय से ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने, महिलाओं से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनकी निष्पक्ष जाँच करने तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम उम्र की बच्चियों से संबंधित अपराधों में पॉक्सो एक्ट के तहत त्वरित कार्रवाई, छेड़छाड़ एवं घरेलू हिंसा की शिकायतों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने, दहेज उत्पीड़न, लैंगिक शोषण, अंधविश्वास एवं टोना-टोटका से जुड़ी प्रताड़ना के मामलों में कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही 10 से अधिक कर्मचारियों वाले गैर-सरकारी संस्थानों, दुकानों एवं अन्य कार्यस्थलों में भी आंतरिक शिकायत समितियाँ गठित कर उन्हें सक्रिय रखने पर बल दिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्राप्त हो रहे लाभ और सशक्तिकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और रोजगार सृजन से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए महिलाओं को इन योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न अपराधों एवं शिकायतों पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। आयोग की अध्यक्षा ने सभी विभागों को दो माह के भीतर आंतरिक शिकायत समिति गठित कर सक्रिय रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मनरेगा, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य प्रमुख कार्यस्थलों में भी समितियाँ स्थापित कर महिलाओं को जागरूक करने हेतु बैनर, पोस्टर एवं अन्य माध्यम उपयोग में लाने को कहा।



आयोग अध्यक्ष के साथ प्रशासनिक अधिकारी।

**खास बात**

- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं संतोष ओग्रे (SANTOSH OGREY) पिता लक्ष्मण ओग्रे (LAXMAN OGREY) निवासी वार्ड नं. 06 निचे भदरा पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. का स्थाई निवासी हूँ। जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. मेरे पुत्र का नाम बलराम सतनामी (BALRAM SATNAMI) पिता संतोष ओग्रे (SANTOSH OGREY) के नाम से जानते और पहचानते है, जो कि असत्य है।
2. मेरे पुत्र का नया नाम राहुल ओग्रे (RAHUL OGREY) पिता संतोष ओग्रे (SANTOSH OGREY) लिखता हूँ, अब मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना, पहचाना, संबोधित एवं आगे लिखा जावे, जिस हेतु यह शपथपत्र निष्पादित करता हूँ।

भवदीय
संतोष ओग्रे
वार्ड नं. 06 निचे भदरा पामगढ़
जिला- जांजगीर चांपा छ.ग.

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती अंजली भट्ट पति श्री वासुदेव भट्ट निवासी नगर पंचायत राहौद तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. का स्थाई निवासी हूँ। जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. मेरा पुराना नाम श्रीमती नोनी बाई भट्ट (NONI BAI BHATT) पति श्री वासुदेव भट्ट (VASUDEO BHATT) के नाम से जानते और पहचानते है, जो कि असत्य है।
2. मेरा नया नाम अंजली भट्ट (ANJALI BHATT) पति श्री वासुदेव भट्ट (VASUDEO BHATT) लिखती हूँ, अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, संबोधित एवं आगे लिखा जावे, जिस हेतु यह शपथपत्र निष्पादित करती हूँ।

भवदीया
अंजली भट्ट
निवासी नगर पंचायत राहौद
तहसील पामगढ जिला जांजगीर
चांपा छ.ग

### समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा (छ. ग.)

**शपथ पत्र**

मै विरेन्द्र रात्रे उम्र 18 वर्ष पिता रामनारायण रात्रे जाति रोहिदास निवासी वार्ड नं. 14 खाल्हेपारा खरौद थाना शिवरीनारायण तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ. ग.) का निवासी हूँ, जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-1. यह कि मै उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।2. यह कि मेरा वास्तविक नाम VIRENDRA RATRE हैं, जो कि मेरे स्कूली अंकसूची एवं बैक पास बुक इत्यादि में दर्ज हैं जो कि सही एवं सत्य हैं।3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्र. 466180345144 में मेरा नाम त्रुटिवश VIREMDRA RATRE लिखा गया हैं।4. यह कि उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही नाम हैं आज दिनांक से मुझे मेरे स्कूली दस्तावेज एवं बैक पासबुक इत्यादि में दर्ज नाम अनुसार VIRENDRA RATRE के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। 5. यह कि मेरे उपरोक्त कथन के पक्ष में यह शपथपत्र प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता - विरेन्द्र रात्रे

**सत्यापन**

मै विरेन्द्र रात्रे उम्र 18 वर्ष पिता रामनारायण रात्रे जाति रोहिदास यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कण्डिका 01 से 05 थ में लिखी गयी बातें मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सही व सत्य हैं जिसे आज दिनांक 29/04/2026 को स्थान शिवरीनारायण में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापितकर्ता- विरेन्द्र रात्रे

जांजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

online Booking:-www.tripuryatra.com




1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166